//प्रतिवेदन//

——0——

दिनांक 29/06/2020 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) के वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग द्वारा **“National Webinar on E-Commerce: A Better Opportunity During Covid-19”** विषय पर आभासी माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पाण्डेय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तदोपरान्त डॉ. सुधीर शर्मा, कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अपने उद्‌बोधन में ई—कॉमर्स के बारे में प्रकाश डालते हुये ई—कॉमर्स के मॉडल्स की जानकारी दी एवं ई—कॉमर्स के इस वेबिनार को समय के अनुरूप लाभदायक बताया।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा ने ई—कॉमर्स विषय पर आयोजित इस वेबिनार को आयोजित करने हेतु डॉ. पूजा पाण्डेय एवं डॉ. सुमोना भट्‌टाचार्य की सराहना की।

विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित डॉ. आशीष माथुर, विभागाध्यक्ष कॉमर्स, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक उपस्थित रहे। डॉ. आशीष माथुर ने आज के समय में ई—कॉमर्स की महत्ता बताते हुए कहा कि कोविड—19 के समय में ई—कॉमर्स उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों के लिए लाभदायक है, क्योंकि इसके द्वारा हम सोशल डिस्टेंसिंग का उपयोग करके अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय नए व्यापार पद्धतियों के बारे में सोचना एवं उस पर कार्य करना आवश्यक है। इसके हेतु तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए ताकि इसके अभाव में किसी के साथ धोखाधड़ी ना हो पाए।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम आयोजन सचिव डॉ. सुमोना भट्‌टाचार्य ने माननीय कुलपति महोदय, कुलसचिव, विषय—विशेषज्ञ डॉ. आशीष माथुर एवं डॉ. एस. प्रकाश, समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, एवं छात्र—छात्राएं एवं श्री विकास शर्मा व श्री गुलाब सिंह डहरजी को तकनीकी सहायता हेतु एवं श्री अभिषेक व आदित्य को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।


meet.google.com/jve-soei-acu?authuser=0
REC
The organizer scheduled this meeting to be streamed
Start streaming
Close
National Webinar on E-Commer...
People (119)
Chat (1)
Add people
Admin Video Conferencing (Yo...
A S
Abhishek Behura
Aditi Bhagat
ADITYA RAJ GUPTA
Admin Video Conferencing
Ajay kumar Raja
Ajay Patel
AJEETA SINGH
Ajita
Akshara dubey
Alpana Sharma
Aman Namdeo
Anandita Tiwari
Dr. Sumona Bhattacharya
S.KUMAR SHARMA
BALRAM CHANDRAKER
Gd Sharma
Aman Namdeo
Ashutosh Singh
National Webinar on E-Commerce: A Better Op...
Turn on captions
Present now


REC
The organizer scheduled this meeting to be streamed
Start streaming
Close
S.KUMAR SHARMA
Ramesh Mourya
Asma kanwar
Dr. Sumona Bhattacharya
ashish mathur
Dr. Vinod Garg
Sadhana Shome has left the meeting
Gd Sharma
cema cbsikhi
BALRAM CHANDRAKER

कोविड-19 में चल रहे व्यापार में ई-कॉमर्स करा रहा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन : डॉ. माथुर

एयू के कॉमर्स विभाग ने ई-कॉमर्स पर किया राष्ट्रीय वेबीनार

बिलासपुर| अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में को कॉमर्स एंड फाइनेंशियल स्टडीज द्वारा ई-कॉमर्स पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने कोविड-19 में ई-कॉमर्स के क्षेत्र में बेहतर अपारच्युनिटी विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पूजा पाण्डेय ने की। इसके बाद अटल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने ई-कामर्स के बारे में बताया और ई-कामर्स के मॉडल्स की जानकारी दी। इसके बाद कुलपति प्रो. जीडी शर्मा ने ई-कामर्स को वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते बहुत ही लाभप्रद बताया। उन्होंने इस वेबीनार के लिए डॉ. पूजा पाण्डेय व डॉ. सुमोना भट्टाचार्य को बधाई दी। विषय विशेषज्ञ इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय जनजातीय यूनिवर्सिटी अमरकंटक के कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष माथुर थे। उन्होंने वर्तमान समय में ई कॉमर्स की महत्ता बताते हुए कहा कि कोकिड-19 के समय में ई कॉमर्स उपभोक्ताओं, व्यापारियों के किए लाभदायक है। ई-कॉमर्स के द्वारा हम कोविड-19 में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए काम कर सकते हैं और अपने आपको सुरक्षित भी रख सकते हैं। डॉ. माथुर ने कहा कि इस समय के दौरान में नए व्यापार पद्धतियों के बारे में लोग सोच सकते हैं और काम कर सकते हैं। उन्होंने ने कहा कि ऐसा समय आया है कि हमें तकनीकी शिक्षा पर जोर देना चाहिए, ताकि इसके अभाव में किसी के साथ धोखाधड़ी ना हो सके। राष्ट्रीय संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. सुमोना भट्टाचार्य ने सभी विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ डॉ. एस प्रकाश ने भी अपनी बात रखी। तकनीकी सहायता विकास शर्मा और गुलाब दहर ने की।